BIHAR STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
(A Bihar Government undertaking) Beltron Bhawan, Shastri Nagar,
Patna–800023. Bihar, (India)
Help desk No.0612-2281814, 2281815

पत्रांक– 462/2020

24/01/2020
दिनांक–

स्टेनोग्राफर (आशुलिपिक) के ऑन–लाईन रजिस्ट्रेशन की सूचना।

बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कार्पोरेशन लि० (बेल्ट्रॉन), मैनपावर एजेन्सी के माध्यम से राज्य सरकार के विभागों/कार्यालयों/निकायों की अधियाचनाओं के विरूद्ध संविदा के आधार पर स्टेनोग्राफरों (आशुलिपिक) की सेवा उपलब्ध कराने के लिए अभ्यर्थियों को सूचीवद्ध करता है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन किया जाता है तथा गुणवत्ता परीक्षण के पश्चात हीं सफल अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध किया जाता है।

संविदा के आधार पर सेवा देने के इच्छुक 10+2 पास, कम्प्यूटर तथा हिन्दी/अंग्रेजी टाईपिंग एवं स्टेनोग्राफी का ज्ञान रखने वाले आशुलिपिक अभ्यर्थी, ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन हेतु प्रोत्साहित किए जाते हैं। निगम के वेबसाईट <u>www.beltron.in/www.bsedc.bihar.gov.in</u> पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया दिनांक 29.01.2020 से आरम्भ होकर 15 फरवरी 2020 तक जारी रहेगी। इसके पश्चात रजिस्टर्ड अभ्यर्थियों की CBT आधारित कम्प्यूटर ज्ञान की गुणवत्ता परीक्षा (MCQ) आयोजित की जायगी। परीक्षा का सिलेबस नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग (NIOS) के डाटा इन्ट्री ऑपरेटर के सिलेबस (कोड संख्या 336) के समान होगा, जिसे निगम के website पर प्रकाशित किया जा रहा है। इस परीक्षा में उत्तीर्णता के पश्चात टाईपिंग दक्षता परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं वेबसाईट के माध्यम से अलग से दी जायगी। हिन्दी एवं अंग्रेजी दोनो के टाईपिंग की दक्षता परीक्षा एक ही दिन, कम्प्यूटर पर ली जायगी। दक्षता का स्तर अंग्रेजी में 30 WPM (Correct Words) तथा हिन्दी में 25 WPM (Correct Words) होगा। तत्पश्चात सफल अभ्यर्थियों की आशुलिपि परीक्षा ली जायगी जिसमें आशुलिपि की वांछित गति 80 WPM होगी।

रजिस्ट्रेशन हेतु रू० 1000.00 के शुल्क सहित रू० 50 बैकिंग चार्ज का चालान **IOB A/C No 151201000011521** में जमा करना होगा तथा चालान एवं शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण, फोटो, सिग्नेचर, इत्यादि रजिस्ट्रेशन हेतु अपलोड करना होगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया का विवरण निगम के वेबसाईट पर देखा जा सकता है। सहायता हेतु अभ्यर्थी हेल्प लाईन नं०–**0612–2281815** पर कार्यालय अवधि में संपर्क कर सकते हैं।

24.1.20

प्रबन्ध निदेशक